संख्या- 63/2017/1735/33-3-2017-70/2017

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 लखनऊ।

2- मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0 लखनऊ।

3- समस्त अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत उ0प्र0।

4- समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 16 अगस्त, 2017

विषयः- प्रदेश के समस्त विभागों में आन-लाइन मनी-ट्रांसफर व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या- सी0एम0-02/78-1-2017-27आई0टी0/2017 दिनांक 21.07.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- अवगत कराया गया है कि मा0 प्रधानमंत्री जी के आहवान पर देश में कैशलेस व्यवस्था को बढ़ावा दिये जाने हेतु आन-लाइन मनी-ट्रांसफर को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार में विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाएं संचालित होती है, जिसमें धनराशि लाभार्थी को सीधे उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है। अधिकांश विभागों में आन-लाइन ट्रांसफर/आर0टी0जी0एस के माध्यम से धनराशि लाभार्थियों के खाते में सीधे हस्तांतरित की जा रही है लेकिन कतिपय विभागों द्वारा अभी भी नगद/चेक के माध्यम से धनराशि का वितरण किया जाता है। जहां आन-लाइन मनी-ट्रासंफर/आर0टी0जी0एस की व्यवस्था नहीं है, वहां धनराशि के वितरण में प्रायः शिकायतें प्राप्त होती रहती है। अतः सभी लाभार्थीपरक योजनाओं में एवं सभी प्रकार के भुगतान आन-लाइन ट्रासंफर/आर0टी0जी0एस के माध्यम से ही किये जाये तथा उक्त व्यवस्था को आधार कार्ड से भी जोड़ने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये, जिससे कि भुगतानों में पारदर्शिता परिलक्षित हो एवं इस संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों को समाप्त किया जा सक

http://shasanadeshup.nic.in
Search easily on www.bhartiyashasanadesh.org

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्तानुसार अपने तथा अपने अधीनस्थ स्तरों पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक- तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

2- उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ, उ0प्र0 लखनऊ।

3- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक, पंचायत, उ0प्र0।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)

उप सचिव।

http://shashadeshup.nic.in
Search easily on www.bhartiyashashanadesh.org